पत्र संख्या : शिक्षा /कांगड़ा /(ए–6)खेलकूद /2024
कार्यालय उप शिक्षा निदेशक उच्च
कांगड़ा स्थित धर्मशाला
ddhekangra3@gmail.com
ddhe-kan-hp@gov.in
01892-228124

Dy. Director of Education
22 JUL 2024
Dispatch No. 3553-59
Kangra at Dharamshala

दिनांक धर्मशाला –176215

सेवा में

1. Kamlesh Printing Press, Old Charri Road, KB D/Shala
2. Saroch Printing Press, Kachehri Adda, Dharamshala
3. Jaryal Book Depot, Gurudwara Road, Dharamshala.
4. Krishna Brothers, Main Bazar,Kangra.
5. Kunal Printing Press, Depot Bazar,Dharamshala.
6. Imperial Printing Press,Kotwali Bazar,Dharamshala.
7. Trivedi Printing Press, Kangra.

Notice Board

विषय : वर्ष 2024–2025 के लिये खेल तथा भारत स्काउट एंड गाइड गतिविधियों के लिये प्रमाण पत्र मुद्रण हेतू निविधा आमंत्रित करने बारे।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में खेल तथा भारत स्काउट एंड गाइड गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिये प्रमाण पत्रों को मुद्रण किया जाना हैं। अतः आपसे अनुरोध है कि आप **दिनांक 03 अगस्त 2024 को शाम 5:00 बजे** तक मोहरबंद निविधा/कोटेशन **(तकनीकि व वित्तीय)** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें या भेजें । मोहरबंद निविधा/कोटेशन निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार भेजें :

Sr. No.	Material required	Size	Thickness	Rate (F.O.R and rates including GST)
1.	Certificate Double Colour for Participation (White Colour)	24x28 cm	1mm	
		18x23 cm	1mm	
2	Certificate Double Colour for Merit (Yellow)	24x28 cm	1mm	
		18x23 cm	1mm	

आपके द्वारा प्रस्तुत की जानी वाली निविधा/कोटेशन एक मोहरबंद लिफाफे मे हों जिस पर **"खेल तथा भारत स्काउट एंड गाइड गतिविधियों के लिये प्रमाण पत्र मुद्रण हेतू तकनीकी एवं वित्तीय**

कोटेशन" लिखा होना चाहिये। सम्बन्धित लिफाफे के अंदर **दो अलग अलग लिफाफे** होने चाहिये जिन में से एक पर **Annexure-A** व **तकनीकी निविधा** अंकित हो जिसमें **Certificate** के **Sample** हों तथा दूसरे पर **Annexure-B** व **वित्तीय कोटेशन** अंकित हो जिसमें उक्त प्रमाण पत्रों की छपाई हेतू वित्त/खर्च का विवरण दर्ज हो।

<u>निविधा/कोटेशन आमंत्रित करने के लिये नोटिस की शर्तें व नियम :</u>

1. फर्म के पास जीएसटी नंबर होना चाहिये और निविधा/कोटेशन के साथ उसकी प्रति संलग्न करना आवश्यक है।
2. इच्छुक पंजीकृत फर्मों से अनुरोध है कि वे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वस्तुवार दरें उद्धृत करें।
3. निविधा/कोटेशन **दिनांक 03 अगस्त 2024 को शाम 5:00 बजे** तक पहुंच जानी चाहिये। बिना मोहरबंद निविधा/कोटेशन को खारिज़ कर दिया जाएगा।
4. शुरू में वस्तुओं की दरें एक वर्ष के लिये या उसके बाद के वर्षों के लिये निविधा/कोटेशन के अगले आह्वान तक के लिये तय की जायेंगी।
5. फर्म या फर्मे जिनकी एक या अधिक वस्तुओं की दरें सबसे कम के रूप में चुनी गई हैं वे इरादा रखे जाने पर वस्तुओं की आपूर्ति करने के लिये उत्तरदायी होंगी।
6. चयनित फर्म उद्धृत दर के अनुसार वस्तुओं की आपूर्ति करेगी। समयावधि के दौरान यदि किसी वस्तु की दर में कोई बृद्धि होती है तो फर्म केबल स्वीकृत दर पर ही वस्तुओं की आपूर्ति करेगी। यदि किसी वस्तु की दर में कमी होती है तो चयनित फर्म घटी हुई दर पर वस्तुओं की आपूर्ति करने के लिये उत्तरदायी होगी।
7. यदि फर्म या फर्मे निर्धारित अवधि के भीतर वस्तुओं की आपूर्ति करने से इनकार करती है जैसा कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा तय किया गया है तो उन पर न्यायालय में मुकदमा चलाया जायेगा और उन्हे इस कार्यालय के साथ–साथ जिला की परिधि में स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों की निविधा/कोटेशन प्रक्रिया में भाग लेने के लिये पांच साल के लिये वर्ज्यसूची में डाल दिया जायेगा।
8. खरीद समिति द्वारा दिनांक **05 अगस्त 2024 को दोपहर 2:00 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में निविधा/कोटेशन खोलें जाएंगे। सर्वप्रथम **तकनीकी निविधा** खोली जायेगी तथा तकनीकी निविधा के पारित होने के उपरान्त ही **वित्तीय निविधा** खोली जायेगी।
9. अधोहस्ताक्षरी बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर प्रक्रिया को रद्द करने व रोकने के सभी अधिकार सुरक्षित रखता है।

उप शिक्षा निदेशक उच्च
क़ांगड़ा स्थित धर्मशाला